कौआकोल पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया, मिली अहम जानकारी

कार्रवाई: मोबाइल के साथ तीन सड़क लुटेरे धराए

नवादा/कौआकोल, हिप्र/एसं। कौआकोल पुलिस की एक विशेष टीम ने थाना क्षेत्र में हुई सड़क लूट की एक घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूटी गयी मोबाइल के साथ तीन सड़क लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

तकनीकी सर्विलांस व मानवीय साक्ष्यों की मदद से विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर पुलिस ने रविवार को तीनों को दबोच लिया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त तीन बाइक व लूटी गयी मोबाइल समेत कुल चार मोबाइल बरामद की गयी है। गिरफ्तार बदमाशों में दिनेश यादव का बेटा नीतीश कुमार (18), रामवृक्ष यादव का बेटा सियाराम कुमार (19) व राजू सिंह का बेटा सचिन कुमार (20) शामिल हैं। तीनों बदमाश कौआकोल थाना क्षेत्र के बिन्दीचक गांव के रहने वाले बताये जाते हैं। छापेमारी में कौआकोल थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा : कौआकोल थाने में रविवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने कौआकोल थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह की मौजूदगी में पूरे मामले का खुलासा किया। एसडीपीओ के मुताबिक कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली पावर सब स्टेशन के समीप लूट की एक घटना हुई थी। इस मामले में 21 अक्टूबर को कौआकोल थाना कांड संख्या-436/2025 दर्ज किया गया था। एसपी के निर्देश पर उनकी मॉनिटरिंग में मामले की जांच के लिए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी व मानवीय आसूचना के आधार पर घटना में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से सचिन को सबसे पहले तुरिया डीह से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लूटी गयी मोबाइल समेत दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की गयी। उसके स्वीकारोक्ति बयान पर रामपुर बलुआ में छापेमारी कर नीतीश व सियाराम को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से दो मोबाइल व दो बाइक जब्त की गयी।

कौआकोल थाने में प्रेस कान्फ्रेंस करते पकरीबरावां एसडीपीओ।

> सड़क लूट की एक घटना का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया गया है। सात बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन बाइक व चार मोबाइल जब्त की गयी है। अन्य चार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।
> – राकेश कुमार भास्कर,
> पकरीबरावां एसडीपीओ।

सात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम : पुलिस के मुताबिक घटना को सात बदमाशों ने मिलकर अंजाम दिया था। इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि चार अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार किये गये बदमाशों में से सचिन का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। सचिन के विरुद्ध चोरी व चोरी के सामानों की बरामदगी से जुड़े दो मामले रोह थाने में दर्ज हैं। इनमें रोह थाना कांड संख्या-10/2023 व 17/2023 शामिल हैं।

- सात बदमाशों ने मिलकर पावर स्टेशन के समीप लूट की घटना को दिया था अंजाम

20/21 की रात हुई थी लूट की घटना

घटना 20/21 अक्टूबर की देर रात करीब 12 :30 बजे हुई थी। तीन बाइक पर सवार सात बदमाशों ने ई-रिक्शा नंबर बीआर 27 आरए 1496 से अपने पिता को लाने बड़राजी जा रहे कदहर निवासी श्रीकांत कुमार को कदहर स्थित पावर सब स्टेशन के समीप लूट लिया था। ई-रिक्शा के आगे बाइक लगाकर बदमाशों ने श्रीकांत से उनकी मोबाइल, पांच हजार नगद, सोने का हनुमान जी का लॉकेट, चांदी का एक ब्रेसलेट आदि लूट लिया था और मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर सड़क किनारे फेंक दिया था। पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

शहर 30

कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

नवादा। साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उसके अकाउंट 21 हजार 500 रुपये ठग लिया। पार नवादा अजमत नगर की सलमा प्रवीण द्वारा इस मामले में बुंदेलखंड थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोप है कि 12 नवम्बर को उसे एक कॉल आया। उसने बोला कि वह क्रेडिट कार्ड सेक्शन से बोल रहा है। एक एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड करा कर उसने दो बार में उसके अकाउंट से रुपये निकाल लिये।

दुकानदार से पैसे मांगने पर मारपीट

नवादा। दुकान से बिस्कुट व अन्य सामान लेने के बाद पैसे मांगने पर असामाजिक तत्वों ने दुकानदार से मारपीट किया। घटना शनिवार की है। इस मामले में राजेन्द्र नगर निवासी सोबित मिश्रा द्वारा नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मामले में लुथरा उर्फ आयुष सिंह समेत तीन लोगों को आरोपित किया गया है।

मारपीट, धमकी व छिनतई की प्राथमिकी

नवादा। न्यू एरिया गेट से बाजार आने के क्रम में दो बाइक पर सवार छह लड़कों ने एक युवक से हथियार के बल पर मारपीट किया। घटना शनिवार की बतायी जाती है। आरोप है कि इस बीच लड़कों ने उसकी मोबाइल व सोने की लॉकेट छीन लिया। मामले में गोंदापुर के रौशन कुमार द्वारा नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गोंदापुर के रौशन यादव व कौलेश कुमार समेत छह लोगों को आरोपित किया गया है।

जिले में 24 घंटे में 11 आरोपित गिरफ्तार

नवादा। नवादा की पुलिस ने पिछले 24 घंटे में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर अलग-अलग मामले में वांछित 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें मद्य निषेध से जुड़े मामले में 02 व अन्य मामले में गिरफ्तार 09 आरोपित शामिल हैं।

300 वाहनों की हुई जांच, 37 हजार जुर्माना

नवादा। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाये गये वाहनों की जांच के क्रम में शनिवार को कुल 300 दोपहिया, तिपहिया व चौपहिया वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान डिफॉल्टर पाये गये वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया गया। कुल 37 हजार 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। वाहनों का ऑन दी स्पॉट चालान काटा गया।

पत्नी के साथ मारपीट की प्राथमिकी

वारिसलीगंज। थाना क्षेत्र के दोवाय नगर ग्रामीण किशोरी रविदास ने पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट करने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर गांव के चार लोगों को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 11 नवंबर को किशोरी रविदास की पत्नी रूबी देवी के साथ ग्रामीण रविन्द्र रविदास, अजय कुमार, विशुदेव रविदास तथा धनंजय रविदास द्वारा गाली गलौज एवं मारपीट किया गया। मामले को ले पति द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अज्ञात के विरुद्ध बाइक चोरी की शिकायत

वारिसलीगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजौर पंचायत के चंडीपुर ग्रामीण श्याम किशोर प्रसाद सिंह की बाइक अज्ञात चोर द्वारा चुरा लेने की शिकायत स्थानीय थाना में की गई है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को बाइक से खेत देखने गया था। इस क्रम में नहर के पास बाइक खड़ी कर खेत की ओर चला गया, जब लौट कर आया तब वहां से बाइक गायब थी।

वारिसलीगंज: बदमाशों ने युवक को पीटा, रेफर

नवादा/वारिसलीगंज, हिप्र/निसं। जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक युवक को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

घटना शनिवार की शाम वारिसलीगंज सिमरी बिगहा मोड़ पर आरओबी के समीप की है। घायल युवक की पहचान वारिसलीगंज नगर परिषद के सिमरी गली निवासी प्रमोद प्रसाद के युवा पुत्र सौरभ कुमार के रूप में की गयी है। घटना के वक्त सौरभ किसी कार्य से सिमरी बिगहा आरओबी के समीप गया था। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट बतायी जाती है। आरंभिक इलाज के बाद उसे पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया। इससे पूर्व वारिसलीगंज की नवनिर्वाचित विधायक कुमारी अनिता पूर्व विधायक प्रदीप महतो व पति अशोक महतो समेत अपने समर्थकों के साथ वारिसलीगंज अस्पताल पहुंचीं और घायल का हालचाल लिया।

कार्रवाई की जाएगी

बताया जा रहा है कि युवक का पूर्व से किसी के साथ विवाद चल रहा था। इसे लेकर पूर्व में भी मारपीट की घटना हुई थी। ताजा जानकारी मिलने तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है। वारिसलीगंज एसएचओ पंकज कुमार सैनी ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है।

बस से सफर कर रहे युवक से शराब बरामद

रजौली, निज संवाददाता। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित अंतरराज्यीय समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने झारखंड की ओर से आ रही एक बस में शराब के साथ सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया।

युवक के पास रहे बैग में छिपाकर रखे तीन बोतल शराब बरामद की गई। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से की जा रही है। इसी क्रम में एक यात्री बस की जांच के दौरान एक सवारी मुजफ्फरपुर जिले के सरया थाना क्षेत्र के चकना गांव निवासी रामाशीष साहनी के पुत्र अशोक कुमार को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के पास से 750 एमएल की एक बोतल एवं 180 एमएल की दो बोतल शराब बरामद की गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उसे रविवार को स्वास्थ्य जांच के बाद हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

नशे में सफर करते 14 लोग पकड़ाए : रजौली। विभिन्न यात्री वाहनों व निजी वाहनों से शराब के नशे में सफर कर रहे 14 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिसमें एक युवक को दुबारा शराब पीने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि पहली बार शराब के नशे में गिरफ्तार 13 लोगों ने न्यायालय में जुर्माना राशि जमा कर अपने अपने घर चले गए। वहीं दूसरे बार शराब पीकर गिरफ्तार हुए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

55 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवादा। नवादा पुलिस का शराब तस्करी, बिक्री व निर्माण के विरुद्ध लगातार छापेमारी जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 55 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया।

मौके से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। ताजा घटनाक्रम में पुलिस ने गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया हाट में छापेमारी कर 25 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया। मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार संतोष राजवंशी तेतरिया गांव के स्व. हजारी राजवंशी के बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

मामले में 15 नवम्बर को गोविन्दपुर थाना कांड संख्या-328/25 दर्ज किया गया। वहीं मेसकौर पुलिस ने गुप्त सूचना पर मेसकौर इलाके में छापेमारी कर 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया। मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मिथिलेश कुमार मेसकौर के स्व. सिवन राय का बेटा बताया जाता है।

गुमटी संचालक से मारपीट और छिनतई, केस दर्ज

हिसुआ, निज संवाददाता। शनिवार की देर शाम शराब के नशे में धुत तीन लोगों ने हिसुआ के राजगीर रोड स्थित गुमटी संचालक के साथ जमकर मारपीट की और दुकान के गल्ला में रखे रुपये और उसके गले से सोने का लॉकेट लेकर फरार हो गया।

यह घटना जीवन ज्योति स्कूल के समीप गुमटी संचालक हिसुआ के कचहरी रोड निवासी राधे पंडित के 32 वर्षीय पुत्र गोपाल कुमार के साथ हुई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा गया है कि शनिवार की शाम करीब 5 बजे हम गुमटी में बैठे हुए थे। तभी मेरे दुकान पर राजेंद्र नगर निवासी कुंदन सिंह के पुत्र टनटन कुमार ऊर्फ आयुष के साथ एचपी गैस एजेंसी के समीप रहने रहने वाला मंदीप कुमार और राजेंद्र नगर निवासी स्व. पवन सिंह का बेटा सतीश कुमार नशे की हालत में दुकान के गल्ला में रखा करीब 50 हजार रूपये और मेरे गले में रहे सोने का लॉकेट लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी किसी ने डायल 112 पुलिस को दी। जिन्होंने आरोपियों को खदेड़ कर पकड़ना चाहा, लेकिन आरोपित पुलिस पर भी ईंट पत्थर चलाकर फरार हो गया। घटना के वक्त गुमटी पर उपस्थित मेरी मां के साथ भी बदसलूकी की गई। मारपीट में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसका इलाज जारी है। पुलिस मामला दर्ज कर घटना में शामिल आरोपितों के धर पकड़ में जुट गई है।

मारपीट को लेकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी

वारिसलीगंज। वारिसलीगंज बाजार के सिमरी गली वार्ड नंबर 14 निवासी चंद्रिका प्रसाद के पुत्र रौनक कुमार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर बेवजह मारपीट किए जाने के मामले में दो लोगों को नामजद तथा पांच अज्ञात को आरोपित बनाया है। दर्ज मामले में पीड़ित ने कहा है कि शनिवार की दोपहर अपने मित्र वारिसलीगंज स्टेशन रोड निवासी रौशन कुमार के साथ बाइक से थाना चौक की ओर जा रहा था। इसी बीच अज्ञात पांच लोगों द्वारा बेवजह मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

कट्टा लेकर धमकी देने का वीडियो वायरल

नवादा, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। खुलेआम कट्टा लेकर घर पर चढ़कर धमकी देने का एक वीडियो रविवार की सुबह सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में लाल रंग की टीशर्ट पहने एक युवक हाथ में कट्टा लहरा रहा है और किसी को धमकी दे रहा है। वहीं महिलाएं उसका विरोध कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक वीडियो काशीचक थाना क्षेत्र के खखरी गांव का बताया जाता है। हालांकि हिन्दुस्तान अखबार ऐसे किसी वीडियो अथवा फोटो की पुष्टि नहीं करता है। घटना शनिवार की शाम की है। बताया जाता है कि खखरी गांव का ही एक युवक पड़ोस के एक व्यक्ति के घर पर किसी विवाद को लेकर कट्टा लहराता हुआ घुस गया। वीडियो में एक अन्य युवक कट्टा वाले का हाथ नीचे कर उसे पीछे धकेलता है। वहीं महिलाएं उसका विरोध कर रही हैं।

घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गयी।

जान से मारने की कोशिश का आरोप

इस मामले में काशीचक थाने के खखरी गांव के स्व. रामविलास शर्मा के पुत्र रामफल कुमार द्वारा रविवार को काशीचक थाने में आवेदन दिया गया है। वादी के मुताबिक वह एक किसान परिवार से है और उसका पेशा खेती है। वादी का आरोप है कि शनिवार की शाम करीब सवा छह बजे शाम में खखरी गांव के राम अनुज सिंह का बेटा अंकित कुमार उसके घर पर पिस्टल लेकर चढ़ गया और उसे जान से मारने की कोशिश की। वही किसी तरह वहां से जान बचाकर भागने में सफल रहा। उसने घर के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौज किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। काशीचक थानाध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना पर पुलिस रात में खखरी गयी थी। सुबह वीडियो मिली है। इसका सत्यापन कर मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा KLS College, जिला नवादा हेतु एक नये शाखा परिसर, जो नवादा बस स्टैंड के समीप में (विशिष्ट एवं सर्वसाधारण हेतु अभिगम्य स्थल) हो जिसका कारपेट एरिया अधिकतम 92.90Sq.M. (1000 Sq. Ft) हो तथा परिसर तैयार हो या तीन माह के अंदर तैयार हो जाने वाला हो एवं पार्किंग सुविधा सहित भूतल पर स्थित हो, की आवश्यकता हैं। किसी भी प्रकार से विचौलिया या दलाली स्वीकार नहीं हैं। सरकारी, अर्ध सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र को वरीयता दी जाएगी। कृप्या फॉर्मेट/नियम एवं शर्तों को सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा के.एल.यस कॉलेज या क्षेत्रीय कार्यालय गया से कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त कर सकते है अथवा हमारी वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रस्ताव पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 08.12.2025 संध्या चार बजे तक हैं।

नोट: बैंक किसी भी निविदा अथवा सभी निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

नोट:- नये शाखा परिसर का यह आवेदन नवादा शहर के अंतर्गत होना आवश्यक है।

दिनांक: 15.08.2025

क्षेत्रीय प्रमुख,
गया

ADMISSION LAST DATE 25 NOV. 2025
FATIMA DEGREE COLLEGE
Gonpura, Phulwari Sharif, Patna (801505) Bihar
Permanently Affiliated by Govt. of Bihar and Maulana Mazharul Haque A & P University, B.S.E.B.
Recognised by NCTE/AICTE
BA B.Sc. B.Com B.Lis BCA
BBA MA M.Sc M.Com
M.Lis B.Ed D.El.Ed
Through Entrance Test
City Office : Computer Zone
Call : 9241787908 / 6200183647 / 8789925258
Opp. - Bata Showroom
Exhibition Road, Patna
Website : www.fatimadegreecollege.in Email : fatimadegreecollege2010@gmail.com

इंडियनऑयल
IndianOil
रिफाइनरीज प्रभाग – बरौनी रिफाइनरी

बरौनी रिफाइनरी छात्रवृत्ति योजना–2025

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बरौनी रिफाइनरी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और बेगूसराय जिले के मूल निवासी परिवार के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना चल रही है। यह छात्रवृत्ति सभी जाति, धर्म और समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने 2025 में परीक्षा पास किया है। छात्रवृत्तियों का विवरण निम्नलिखित हैं :

1. बरौनी रिफाइनरी दिनकर उच्च शिक्षा सहायता योजना :–
चयनित क्षेत्र : बेगूसराय जिला
लक्षित वर्ग : मान्यता प्राप्त बोर्ड (जैसे– बिहार राज्य शिक्षा बोर्ड/सीबीएसई/आईसीएसई/आईएससी आदि) से वर्ष 2025 में बेगूसराय जिले से 12वीं पास आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी जिनके माता–पिता/विधिक अभिभावक की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम हो।
छात्रवृत्ति की संख्या : 2025 की 12वीं कक्षा के परिणामों के अनुसार आवेदकों में क्रमशः शीर्ष रैंकधारक विज्ञान वर्ग के लिए 05 (पाँच), वाणिज्य वर्ग के लिए 05 (पाँच) और कला वर्ग के लिए 05 (कुल : 15)
छात्रवृत्ति की राशि :
➢ प्रोफेशनल पाठ्यक्रम (अवधि 03 वर्ष से कम नहीं)–रू. 2,00,000/– (एक मुश्त)।
➢ गैर–प्रोफेशनल बैचलर पाठ्यक्रम (बीए/बीएससी/बी.कॉम आदि)–रू. 1,00,000/– (एक मुश्त)।
चयन प्रक्रिया : 2025 में उत्तीर्ण 12वीं की परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के प्रतिशत के आधार पर (पाँच उत्कृष्ट विषय में)
अपेक्षित दस्तावेज : (क) स्वप्रमाणित 12वीं का अंकपत्र की फोटोकॉपी **(ख)** राज्य/केंद्र के समुचित सिविल पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया आय प्रमाणपत्र (आवेदन में विवरण का उल्लेख किया जाए)।

2. बरौनी रिफाइनरी श्री कृष्ण सिंह छात्रवृत्ति योजना :–
चयनित क्षेत्र : बेगूसराय जिला
लक्षित वर्ग : मान्यता प्राप्त बोर्ड (जैसे– बिहार राज्य शिक्षा बोर्ड/सीबीएसई/आईसीएसई/आईएससी आदि) से वर्ष 2025 में बेगूसराय जिले से 10वीं पास आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी जिनके माता–पिता/विधिक अभिभावक की वार्षिक आय एक लाख रूपये से कम हो।
छात्रवृत्ति की संख्या : वर्ष 2025 की 10वीं कक्षा के परिणामों के अनुसार आवेदकों में क्रमशः शीर्ष रैंकधारक 40 (चालीस) छात्रा और 40 (चालीस) छात्र एवं 05 (पाँच) दिव्यांग छात्र/छात्रा।
छात्रवृत्ति की राशि : छात्रवृत्ति के लिए चयनित प्रत्येक छात्र/छात्रा को 11वीं और 12वीं में प्रति वर्ष रु. 25,000/– (रूपये पच्चीस हजार)।
चयन प्रक्रिया : वर्ष 2025 में उत्तीर्ण 10वीं की परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के प्रतिशत के आधार पर (पाँच उत्कृष्ट विषय में)।
अपेक्षित दस्तावेज : (क) स्वप्रमाणित 10वीं का अंकपत्र की फोटोकॉपी **(ख)** राज्य/केंद्र के समुचित सिविल पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया आय प्रमाणपत्र (आवेदन में विवरण का उल्लेख किया जाए)।

आवेदन की प्रक्रिया : सफेद ए 4 साइज पेपर पर निम्नलिखित वैयक्तिक और शैक्षणिक विवरण को स्पष्ट अक्षरों में लिखकर या टाइप करके प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ रजिस्टर्ड डाक से नीचे लिखे पते पर भेजें। (आप स्वयं आकर भी आवेदन जमा कर सकते हैं)।
1) छात्र/छात्रा का नाम, 2) पिता का नाम, 3) जन्म तिथि, 4) वर्तमान पता, 5) मोबाइल नंबर, 6) ईमेल पता (यदि हो), 7) उत्तीर्ण कक्षा का नाम, 8) विषय एवं प्राप्त अंक एवं अधिकतम अंक, 9) उत्तीर्ण बोर्ड का नाम, 10) विद्यालय का नाम एवं पता, 11) पिता/अभिभावक की वार्षिक आय, 12) रंगीन फोटो चिपकाएं, 13) आवेदक छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर, 14) पिता/अभिभावक का हस्ताक्षर।
आवेदन को रजिस्टर्ड डाक से भेजने का पता : वरिष्ठ प्रबन्धक, कॉर्पोरेट संचार एवं हिन्दी कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., बरौनी रिफाइनरी, बेगूसराय – 851114 (बिहार) . फोन नंबर – 06243 – 275345/275286/275232.
लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में आवेदन की गयी छात्रवृत्ति का नाम अवश्य लिखें। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख 16 दिसम्बर 2025 शाम 5 बजे तक है।
नोट :
1) आय प्रमाणपत्र के बिना प्राप्त आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।
2) अलग–अलग बोर्डों के अंकों को समतुल्य करने के लिए पूर्व स्वीकृत पद्धति का पालन किया जाएगा।
3) आवेदन में दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर छात्रवृत्ति निरस्त कर दी जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
4) किसी भी प्रकार के विवाद में बरौनी रिफाइनरी का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

हमारा प्रयास: स्वस्थ व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहें। विज्ञापन
रिसर्च के अनुसार अगर आप लंबे समय से
गैस | कब्ज | कमजोर लिवर | तेजाब
मंदाग्नि | बदहज़मी | भारीपन | भूख न लगना | खट्टे डकार
या अन्य किसी पेट की समस्या से परेशान है तो आपको बी.पी., शुगर, किडनी फेल, मोटापा, जोड़ों का दर्द, अस्थमा, लिवर खराब, हार्ट प्रॉब्लम जैसी बड़ी बीमारी होने की संम्भावना बढ़ जाती है और आयुर्वेद भी इस बात को प्रमाणित करता है। नीचे दिए गए श्लोक के अनुसार जानें हमारे बीमार होने का असली कारण क्या है..?
हमारे बीमार होने का असली कारण क्या है ...?
सर्वे रोगा अपि मन्दाग्नि ही। अजीर्ण कुपित मल सञ्चयात्।। अष्टांग हृदयम, अध्याय 12 व चरक संहिता, चैप्टर 3 के अनुसार
शरीर में रोगों का मुख्य कारण मंदाग्नि है, जिससे पाचन ठीक नहीं होता और विषैले तत्व अंगों में जमा हो जाते हैं। यह जमा गंदगी रोगों का कारण बनती है। आचार्य मनीष जी और HiiMS की रिसर्च से बनी पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट (PLS) Triple Detox Kit 12 विशेष जड़ी-बूटियों से बने आधा चम्मच पाउडर को रात में सोने से पहले गर्म पानी से सेवन करना है और 7वें दिन हरड़, आंवला, अमलतास व अजवाइन का एक 30ml का शॉट लेना है। यह 30 दिन की किट GUT, लिवर, स्प्लीन और पैंक्रियास को स्वस्थ बनाती है। इसे आयुर्वेदिक स्टोर या ऑनलाइन मंगवाया जा सकता है। store.jeenasikho.com
12 जड़ी-बूटियों का मिश्रण

जरूरी सुचना : लगभग जितने भी प्रोडक्ट बाजार में पेट से संबंधित उपलब्ध हैं वो सस्ते के चक्कर में बीमारी की जड़ पर काम ही नहीं कर पाते और उनकी आदत भी पड़ जाती है परंतु आचार्य मनीष जी व HiiMS की रिसर्च & EVIDENCE BASED, क्लिनिकल ट्रायल PLS किट बीमारी की वजह पर काम करती है।
amazon Flipkart TATA 1mg Also Available at: store.jeenasikho.com यह किट अब आपके नजदीकी मेडिकल स्टोर पर भी उपलब्ध है।
SS BIHAR: SRI BISHWANATH BALKRISHNA (PATNA) – Helpline 79911-64367
SS (NORTH BIHAR): RADHA MARKETING, MUZZAFARPUR – 99670-00640
Helpline 79911-64367, 81270-80666
Distributor & Stockist: PATNA:-Dwapar Traders-98354-02269, Vishwabandhu Ayurved-98354-73844, Jaya Pharma-93040-99991, Sagar Medico -93863-48291, Prince Pharma-87579-10558, Mohit Pharma-95257-62041, New Welcome Health Care-93087-16478 ARA:- Rachana Medical Hall-97080-69643 BEGUSARAI:- Deepak Stores- 82717-44491 AURANGABAD:- Ayurved Sangam-91550-11675 BUXER:- Madhu Medical Hall -93347-26944 CHAPRA:- Ayurved House-99052-96661 SIWAN:- Krishna Ayurved Bhawan-96614-83916 GOPALGANJ:- Unani Medical Store-94310-59379 GAYA:- Murari Medical Store-98350-60490 SAMASTIPUR:- Jagdamba Traders- 94300-47136 MADHUBANI:- Mehta Ayurved Bhandar-99346-28528 MOTIHARI:- Unani Medical Center-95465-55482 DARBHANGA:- Ashok Jee Vijay Jee-98352-47732 MUZZAFARPUR:- Jagdamba Agency-98350-67754, Radha Marketing-94308-03863 BHAGALPUR:- M/S Subh Luxmi Medical Agency-78709-99135 SAHARSA:- Veena Medical Agency-98354-47512 MUNGER:- Drug Distributors-82984-49037 ARARIA:- Shri Jain Distributors-99317-08149 HAJIPUR:- Chandeshwar Agency -87095-86852 BETTIAH:- Barnwal Drug House -7979718089 KATIHAR:- Ayurved Medical Store -9835051730 PURNIA:- Bhardwaj Enterprises -9431850329, SITAMARHI:- Ayurved Sadan - 97717-66030, SHEOHAR:- Jeevanjyoti Ayurved Store -96818-55005, KISHANGANJ:- Manju Agency -88251-83194, BIHAR SHARIF:- Laxmi Pharma- 97089-45470
हॉस्पिटल में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप के लिए: 63896-63896
आचार्य मनीष जी /HiiMS के पूरे भारत में 125 आयुर्वेदिक हॉस्पिटल व पंचकर्म क्लीनिक्स हैं। जहाँ पर बी.पी., शुगर, अस्थमा, जोड़ों का दर्द, किडनी, लिवर व हार्ट जैसी बीमारियों को आहार व नेचुरोपैथी द्वारा रिवर्स करना सिखाया जाता है।
हॉस्पिटल पटना राज वल्लभ हार, डॉ. बिनोद लेन, DAV स्कूल के पास, सगुणा मोड़
ई-केयर भागलपुर RM भवन, आवासीय जान निकेतन स्कूल के पास, शीतला स्थान चौक, छत्रपति तलाव रोड
क्लिनिक मुजफ्फरपुर सात पुरा मस्जिद, मिठनपुरा रेलवे क्रॉसिंग से पहले
क्लिनिक पूर्णिया हसौवि विला नया टोला, लाइन बाजार, शिव मंदिर के पास
क्लिनिक सासाराम महिला कॉलेज के पास, काली मंदिर के सामने, GT रोड
क्लिनिक गया अमित मेडिकल के साथ, AP कॉलोनी, गया कॉलेज के पास
क्लिनिक बेगूसराय बिजुलिया, डेमरा चौक, न्यू रतनपुर रोड
क्लिनिक हाजीपुर SDO रोड के साथ, इंडियन गैस एजेंसी के पास, जिला- वैशाली
क्लिनिक रक्सौल कॉरिडार चौक, कॉलेज रोड पंगारण, पतंजलि स्टोर के ऊपर
क्लिनिक गोपालगंज फतहा रोड, जंगलिया गोपालगंज, यूनिक पिल्ड्रन स्कूल के पास

बयोलीन
क्रैक हील

Attractive offers / Gifts to Retailers on every purchase
For Enquires
Call / Whatsapp 9431425802 | 8217312776